न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, भूपालसागर जिला चित्तौडगढ

पीठासीन अधिकारी श्रीमती भावना सिंह (आर०ए०एस०)

प्रकरण संख्या : 01/2022
दायर दिनांक : 14/01/2021
निर्णय दिनांक : 14/06/2022

उनवान

1. महर्षि खेतेश्वर वैदिक शिक्षण संस्थान ताणा महामंत्री निरंजन कुमार भट्ट पिता नीलकण्ठ भट्ट निवासी ताणा तहसील भूपालसागर

प्रार्थी

बनाम

1. नाथू पिता नन्दा खटीक निवासी ताणा तहसील भूपालसागर
2. भगवानलाल पिता गोकल खटीक निवासी ताणा तहसील भूपालसागर
3. रूकमणी पत्नी शंकरलाल खटीक निवासी ताणा तहसील भूपालसागर
4. शंकरलाल पिता भंवरलाल खटीक निवासी ताणा तहसील भूपालसागर
5. रायसिंह पिता भवानीसिंह राजपूत निवासी ताणा तहसील भूपालसागर

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956

: निर्णय :

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल.आर.एक्ट बाबत पत्थरगढी की जाने हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया। वकील प्रार्थी उपस्थित। अप्रार्थीगण बावजूद सूचना उपस्थित नहीं आये, इनके विरूद्ध कार्यवाही एकतरफा की जाती है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात अनुसार प्रार्थी रेकार्डेड खातेदार है। अतः प्रार्थना पत्र व रेकार्ड के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र अन्र्तगत धारा–128 **एल. आर.एक्ट बाबत पत्थरगढी** का स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार भूपालसागर को 500– रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाकर आदेशित किया जाता है कि मौजा **ताणा की आ.सं. 143 रकबा 0.40 है, आ.सं. 159 रकबा 0.60** हैक्टेयर भूमि में उभयपक्षकारान को जरिये समन नोटिस तलब करवाकर अपने नेतृत्व में सीमांकन की टीम गठित कर चारों दिशाओं की पुख्ता पत्थरगढी की कार्यवाही करे। अगर मौके पर कोई विवाद न हो अथवा मौके पर फसल खड़ी न हो तो ही पत्थरगढी की जावे एवं कमिश्नरी शुल्क का रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट पेश करे। कमिश्नर फीस प्रार्थी से मौके पर प्राप्त करे साथ ही यह भी सुनिश्चित करे कि किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन नहीं हो। इस आशय बाबत तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 14.06.2022 को खुले न्यायालय में सुनवाया गया ।

(भावना सिंह)
सहायक कलक्टर व
उपखण्ड अधिकारी, भूपालसागर

सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, भूपालसागर
जिला–चित्तौडगढ (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhawna Singh
Date: 2022.06.21 12:33:40 IST
Reason: SelfAttested